भारत में छः ऋतुएँ आती हैं।- ग्रीष्म, वर्षा, शरद, शिशिर, हेंमंत और बसंत। इन सब ऋतुओं का अपना अपना महत्व हैं। इनमें चार ऋतुएँ प्रमुख हैं। ग्रीष्म ऋतु अप्रैल से अक्टूबर तक चलती हैं। इस ऋतु में लू चलती हैं। मनुष्य और जीव जंतु गरमी से बेहाल हो जाते हैं। लोग वातानूकुलित कमरो में बैठते हैं और शीतल पेय जल का सेवन करते हैं। धरती की तपन को शांत करने वर्षा ऋतु आती हैं। वर्षा न होने से फसल नष्ट हो जाती हैं। अधिक वर्षा होने पर बाढ़ आने का भय रहता हैं। शरद ऋतु नवंबर से फरवरी तक रहती हैं। लोग गरम कपड़े पहनते हैं और गरम पदार्थ खाते हैं। सरदी समाप्त होते ही 15 फरवरी से 15 अप्रैल तक वसंत ऋतु रहती हैं। मौसम बहुत सुहावना होता हैं यह सब ऋतुओं में श्रेष्ठ हैं।

(च) मेरे जीवन का लक्ष्य

मनुष्य अपने भविष्य के बारे में तरह-तरह के सपने सँजोता हैं मैंने अपने जीवन के संबंध में एक सपना संजोया है और वह हैं-डॉक्टर बनने का मैंने यह व्यवसाय अधिक धन कमाने के उद्देश्य को लेकर नहीं चुना। मैं चाहता हुँ कि मैं बड़ा होकर एक ऐसा डॉक्टर बनूँ जो धन कमाने के साथ साथ मानव की सेवा को भी उतना ही महत्व दे। मैं अपने कार्य के कुछ घंटे उन निर्धन लोगों को अर्पित करूँ जो जीवन में अच्छी चिकित्सा नहीं करा पाते। अपने इस लक्ष्य प्राप्ति के लिए मुझे अपनी पढ़ाई पर बहुत अधिक ध्यान देना है क्योंकि डॉक्टरी शिक्षा के पाठ्यक्रम में प्रवेश पाना आसान नहीं होता।

पाठ 22 संवाद लेखन

(1) (क)

अमन	:	आज के इस मैच में भारत की जीत पक्की है।
रमन	:	हाँ, लगता तो यही है।
अमन	:	अगर धोनी ने अपनी पारी सही से खेली तो ही चमत्कार होगा।
रमन	:	देखना धोनी अच्छा ही खेलेगा।
अमन	:	अरे! देखो धोनी ने छक्का मारा।
रमन	:	अब तो कमाल होकर ही रहेगा।
अमन	:	तुम बिलकुल सही कहते हो।

(ख)

अनिल	:	हमारे स्कूल के पुस्तकालय में कल कुछ नई किताबें आ रही हैं।
अनुराग	:	हाँ, सुना तो मैंने भी है।
अनिल	:	मैं तो चाहता हूँ कहानियों की अच्छी किताबें आएँ।
अनुराग	:	कहानियाँ पढ़ना तो मुझे भी पसंद है।
अनिल	:	हमारे पुस्तकालय में कहानियों की बहुत सारी किताबें है। क्या तुमने इन सबको पढ़ा है?
अनुराग	:	हाँ, लगभग सबको पढ़ चुका हूँ।
अनिल	:	हमारा पुस्तकालय औरों से काफी बड़ा है।
अनुराग	:	और इसमें प्रत्येक विषय पर किताबें भी आसानी से मिल जाती हैं।

अनिल : तुमने बिलकुल सही कहा। चलो अब कक्षा में चलें।
अुनराग : ठीक है, चलो।

(ग) माता : मैं तो आज बहुत खुश हूँ।
पिता : हाँ, पुत्र के कक्षा में प्रथम आने पर खुशी तो होनी ही चाहिए।
माता : क्या आप खुश नहीं है?
पिता : यह कैसी बात की? भला मैं खुश क्यों न हों, मेरा भी तो पुत्र है। मैं भी बहुत खुश हूँ।
माता : मेरी तो इच्छा है कि मेरा बेटा खूब पढ़े और पढ़-लिखकर बड़ा अफसर बने।
पिता : देखना, हमारा बेटा एक दिन बड़ा अफसर ही बनेगा।
माता : भगवान करें आपकी बात सच ही।

(घ) अध्यापक : हमें पेंड़ों को काटना नहीं चाहिए। हमें नए पे
विद्यार्थी : पर क्यों, श्रीमान जी।
अध्यापक : क्योंकि पेड़ हमारे पर्यावरण को स्वच्छ बनाते हैं।
विद्यार्थी : पेड़ पर्यावरण को कैसे स्वच्छ बनाते हैं?
अध्यापक : पेड़ अशुद्ध हवा क्यों सोखकर वातावरण में शुद्ध व ताजा हवा मुक्त करते हैं।
विद्यार्थी : पेड़ वातावरण में ऑक्सीजन छोड़ते हैं न?
अध्यापक : हाँ, तुमने सही कहा। पेड़ हवा में ऑक्सीजन छोड़ते और कार्बन डाइआक्साइड को सोखते हैं।
विद्यार्थी : फिर तो हर पेड़ों को बिलकुल नहीं काटने देंगे और बड़ी संरचना में पेड़ लगाएँगे।
अध्यापक : शाबाश! तुमसे यही उम्मीद थी।

(ङ) ग्राहक : भाई, मैंने कल तुम्हारी दुकान से जो पैन खरीदा था वह खराब निकला?
दुकानदार : क्या खराबी निकली?
ग्राहक : उसकी लीड-चलाते ही टूट गई।
दुकानदार : ऐसा होना तो चाहिए नहीं। आपने पैन को पैक तो किया था।
ग्राहक : हाँ किया था, पर चलाकर नहीं देखा था।
दुकानदार : ठीक है, आप इस पैन को मुझे दीजिए और दूसरा पैन ले लीजिए।
ग्राहक : ठीक है, भाई! आपका धन्यवाद!

पाठ 23 डायरी लेखन

(1) **(क) कोई दर्शनीय स्थान-लाल किला**

लाल किला देखने की बड़ी इच्छा थी। अचानक रविवार को लाल किला जाने का कार्यक्रम बन गया। दिल्ली की प्राचीन इमारतों में से एक लाल किले को मुगल सम्राट शांहजहाँ ने बनवाया था। इसके विषय में बहुत लोगों से सुना था और अब स्वयं देखने की बहुत उत्सुकता थी। हम सुबह ही लाल किले पहुँचे। यमुना के दाएँ तट पर स्थित यह विशाल किला अब भी मौन खड़ा है। कई सौ वर्ष बीतने पर भी लाल किला वैसा ही रहा और वैसा ही है उसका वैभव। लाल किला कई वर्ग मील में फैला हुआ है। इसके दो मुख्य द्वार हैं। बीच के द्वार से हम अंदर पहुँचे तो लाल किले की आंतरिक शोभा बाहर के दृश्य से भी दुगुनी जान पड़ी। सबसे पहले जहाँ किसी समय में मुगलों का दरबार लगता था। यह दीवाने आम के नाम से जाना जाता हैं सामने ही शाहजहाँ का प्रसिद्ध सिंहासन तख्त-ए-ताउस रखा है। इसके दोनो ओर अद्वितीय चित्रकारी वाले मोर बने हैं। इसके हीरे मोती सब ब्रिटिश काल में निकाल लिए गए थे। कुछ ऐसे ही बड़े-बड़े हॉलो से

गुजरते हुए हम दिवाने-ए-खास पहुँचे । इसी तरह अनेक बारादारियों से होते हुए हम लाल किले की छत पर पहुँचे। यहाँ के सुंदर बाग-बगीचे आज भी मुगल-सम्राटों के उद्यान कला-प्रेम को दर्शाते हैं। लाल किले के भीतर बहुत से बरामदे बने हुए हैं। जिनकी दीवारों पर चित्रकारी की हुई है। मार्ग में ऐसे कई कक्ष आते हैं। जहाँ पर शाहजहाँ स्वयं निवास करते थे। कहीं उनकी बेगमों के हरम थे तो कहीं उनके स्नान व श्रृंगार कक्ष। कहीं कहीं सुंदर तालाब बने हैं। अब तो इन स्थानों के केवल चिह्न ही शेष हैं। संगमरमर में खुदे चित्र व बेलबूटे पुरातन कला के उत्कृष्ट नमूने हैं। अब लाल किले पर केंद्रीय सरकार का अधिकार है। इसके मुख्य द्वार पर प्रतिवर्ष 15 अगस्त को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं। तिरंगे से लाल किले का सौंदर्य दुगुना हो जाता हैं। आजकल लाल किले के प्रांगण में कुछ कार्यालय बने हुए हैं। इसके गौरव की गाथा प्रकाश एवं ध्वनी द्वारा प्रदर्शित की जाती है जिसे देखने के लिए दूर दूर से लोग आते हैं। स्वतंत्र भारत में लाल किले का सम्मान कहीं अधिक बढ़ गया है। भारत की प्राचीन संस्कृति का जीता-जागता प्रतीक हैं। लाल किला की सैर कर हम यही कहेगें कि यह चिरस्थायी रहे।

(ख) पुरस्कार मिलने पर

मै नानी के घर छुट्टियों में उन सब से मिलने माँ के साथ गई थी। एक दिन बड़े मामा के साथ बैठ बातें करते हुए कुछ पुरानी यादें ताजा की जा रही थीं। मेरी उम्र कोई 17 वर्ष थी। मामा ने नाना की मृत्यु की घटना याद करते हुए अपने कुछ कठोर व कटु अनुभव बताए। इस घटना ने मेरे मन पर गहरा प्रभाव डाला और मैनें इसे एक कहानी का रूप दे दिया। हम छुट्टियाँ खत्म होने पर घर लौट आए। कुछ समय बाद एक पत्रिका में कहानी लेखन की प्रतियोगिता के विषय में पढ़कर मैंने अपनी कहानी को परिमार्जित कर प्रतियोगिता में भेज दिया और भूल गई। समय बीत गया। अचानक एक शाम सुस्ताकर उठी आंगन में गई तो एक पत्र पड़ा था। उठाया तो आश्चर्य हुआ अपना नाम देखकर। उत्सुकता से लिफाफा खोला पत्र पढ़कर खुशी का ठिकाना न रहा। मेरी कहानी को दूसरी पर रखा गया था। और मुझे 1500रु का पुरस्कार मिलने वाला था। मै उछल पड़ी। दिल बल्लियों उछलने लगा। परंतु इसे विश्वास करने के लिए पुनः पत्र पढ़ा। फिर घर पर सबको बताया।
पुरस्कार जानकी देवी कॉलेज में एक सप्ताह बाद मिलना था। मुश्किल से सप्ताह बिताया और निश्चित स्थान पर अपनी प्रिय सखी के साथ पहुँची। समारोह में औपचारिकताएँ पूरी होने पर कहानी प्रतियोगिता के पुस्कार वितरण की घोषणा की गई। प्रथम के पश्चात द्वितीय पुरस्कार ग्रहण कर माननीय अध्यक्ष का धन्यवाद कर हाथों में पुरस्कार को थामे तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कितना प्रसन्न कितना उत्साहित अनुभव कर रही थी। आज भी जब कभी जीवन के संघर्षमय निरुत्साह क्षणों में वह क्षण याद आता है तो फिर आत्मविश्वास से भर जाती हूँ।

(ग) सूर्यास्त के दृश्य पर

सूर्यास्त के समय अक्सर मेरा ध्यान सूर्य की ओर चला जाता हैं। संतरी रंग का आग का बड़ा-सा गोला निरंतर नीचे को जाता बड़ा ही सुंदर लगता है। मुझे कितने ही लोगों ने टोका "उगते सूरज को देखते हैं, डूबते को नही" मुझे यह बात कभी पसंद नहीं आई दिन भर के थके सूर्य को विश्राम के लिए घर लौटने की कितनी जल्दी होती हैं। यह मैनें महसूस किया हैं। उसके साथ ही जागने वाले पक्षियों के भी दिनभर की मेहनत के पश्चात घर की ओर लौटने का संकेत मिलता हैं। दिनभर की हलचल जरा सी थम जाती है। थकान के बाद भी हर एक के भीतर घर लौटने का अलग ही उत्साह होता हैं। धूप ऊपर ही ऊपर रह जाती है। घर में बैठे प्राणी बाहर से आने वालों की प्रतीक्षा में घरों के बाहर, आंगन में छतों पर, चबूतरों पर घर की खिड़कियों पर आँखें बिछाए दिखते हैं।

(घ) किसी अद्भुत घटना पर

आज सुबह से ही हल्का-हल्का बूँदा-बाँदी हो रही थी। रिम-झिम का मौसम मेरा प्रिय मौसम रहा है। आज बारिश का आनंद लेते हुए मुझे पुरानी एक घटना याद आ गई। मैं दूसरी कक्षा में पढ़ती थी। माता-पिता की एकलौती संतान होने के कारण मुझे लेकर माँ बहुत भावुक थीं। उस दिन भी स्कूल से निकलते ही बारिश

शुरु हो गई। कुछ दूर गए कि एक पेड़ नजर आया। मेरे साथी ने रुकने के लिए कहा ताकि पुस्तकें गीली न हों। रुकने के बाद बरसात थी कि झमाझम बरसने लगी। बैग हमने पेड़ के कोटर में रखे और खेलने लगे। दो घंटे के करीब बीत गए। तभी ध्यान आया घर जाने का पानी घुटनों तक भर चुका था। तभी सामने के घर से एक व्यक्ति आया और उसने हमें बताया कि उसकी मालकिन ने हमें बुलाया है। हम बैग उठा उसके पीछे-पीछे चल दिए। आँटी ने हमें तौलिया दिया सिर पोछने को। बैग खुलवाकर रखे। खाने के लिए बिस्किट दिए जिसके लिए मैंने सख्त मना कर दिया। मेरी माँ ने मुझे कहा था किसी से कुछ लेकर नहीं खाना। जल्दी ही बरसात रुक गई। बैग संभाले। आँटी ने नौकर से हमें छोड़कर आने को कहा। बाहर निकले ही थे कि हमारे माताएँ हमें खोजते हुए, घबराई हुई सी आ रही थीं। उन्होंने अपने-अपने बच्चों को सीने से लगाकर प्यार किया। आँटी को धन्यवाद करने का नौकर से कहकर हम घर को चल दिए। घर पहुँचकर माँ ने मुझे सीने से लगाया और बहुत रोई। उनके आँसू देख मुझे अपराध बोध हुआ। समझ में आया कुछ गलत हुआ हैं। माँ ने समझाया-भीगते हुए ही आ जाते, इतनी देर में तो मेरी जान ही निकली जा रही थी। बेटा! स्कूल से सीधा घर आया करो।

(ङ) परिवार का एक समारोह

आज मेरे चाचा के बेटे का जन्मदिन था। सुबह से ही घर में रौनक थी। शाम के समय एक छोटे से परिवारिक समारोह का आयोजन किया गया था। सब सुबह से ही तैयारियों में जुटे थे पापा और चाचा सजावट में लगे थे। माँ दादी और चाची खाने-पीने की बढ़िया-बढ़िया चीजों की तैयारी में जुटी थी। मुझे सोचकर ही बहुत अच्छा लग रहा था कितना आनंद आएगा। सब इक्ट्ठे होंगे। बुआ का परिवार भी आएगा। शाम का नियत समय आ ही गया था। बुआ का परिवार और अन्य निमंत्रित सदस्य आने शुरू हो गए थे। घर सजकर अति सुंदर लग रहा था। नन्हा चिंटू-बर्थडे बॉय सजा धजा यहाँ वहाँ उछल रहा था। सबके आ जाने पर केक काटा गया। चिंटू भोला-भाला बहुत प्यारा लग रहा था। तस्वीरें ली गईं। ढेरों उपहार चिंटू को मिले। फिर बढ़िया पकवानों का आनंद सबने लिया और उनकी प्रशंसा की। दादी, माँ और चाची तारीफ सुन फूली नहीं समा रही थीं। मैंने जी भर मिठाई खाई। गुब्बारों से खेलें सब बच्चे प्रसन्न थे। पूरा परिवार इकट्ठा देख दादा जी खुशी से फूले नहीं समा रहे थे। आज का दिन बहुत सूखद रहा। चिंटू की शुभकामनाएँ दे कर सबने विदा ली। अब थकान का अनुभव हो रहा है।

(च) अध्यापिका के द्वारा समझाया जाना

कल मुझे मेरी कक्षा की अध्यापिका ने स्टाफ रूम में आने को कहा। मन में घबराहट हो रही थी कि डाँट पड़ेगी, न जाने क्या गलती हो गई है। स्टाफ रूम में पहुँचा निर्मल मैडम ने मुझे बिठाया और बड़े ही प्यार से कहा-तुम्हें कुछ समझाना चाहती हूँ। मुझे पता चला है कि आजकल तुम्हारी मित्रता कक्षा के कुछ ऐसे बच्चों से हो गई हैं जो पढ़ाई में लापरवाह और शैतानियों में सबसे तेज़ है। तुम्हारा भी दिमाग शैतानियों में सबसे तेज हैं तुम्हारा भी दिमाग शैतानियों में लग रहा है। तुम कक्षा के एक होनहार विद्यार्थी हो। हम नहीं चाहते तुम्हारे भविष्य पर बुरा असर पड़े। इन सब चीजों में आनंद तो आता है पर, बाद में पिछड़ जाने पर दु:ख होता है। इसलिए इनसे दूर रहो। अपना ध्यान पढ़ाई की ओर से ध्यान हटने मत दो। तुम तो खेलकूद में भी अच्छे हो ऐसी मित्रता से बचो। बेटा तुम्हीं लोगों पर देश का भविष्य निर्भर है। बस इतना ही कहना था। मैनें उन्हें आश्वासन दिया। भविष्य में ऐसा नहीं होगा। मैं सही मार्ग पर चलूगाँ गलती के लिए क्षमा-याचना की उन्होंने मुझे आर्शीवाद दिया। अब मैं अपनी अध्यापिका को निराश नहीं करूँगा, अच्छा बनकर दिखाउगा यह प्रण किया। ईश्वर मेरी रक्षा करें।

पाठ 24 अपठित गद्यांश

(1) (क) सुबह होने का संकेत हमारे लिए सूर्य लाता है। वह अपने प्रकाश से सबको सुबह होने का आभास देता है।

(ख) इस अग्नि के गोले से मनुष्य व पशु-पक्षी ऊर्जा प्राप्त करते हैं। सूर्य ऊर्जा और प्रकाश का स्रोत है। यही ऊर्जा उन्हें दिन भर उत्साहित रखती है और वे अपने अपने जीविको-पार्जन में लग जाते हैं।

(ग) सूर्य की ऊर्जा उसकी गरमी से ही अनाज अंकुरित होते व पकते हैं। वृक्ष इसी गरमी से पुष्पित व फलित होते हैं। विभिन्न प्रकार का रसास्वादन हमें विभिन्न अनाजों व फलों से होता है और हमारी क्षुधा शांत होती है।

(घ) इस अग्नि-गोले का निर्माता वही अदृश्य शक्ति हैं जो सारे विश्व को नियंत्रित किए हुए हैं

(ङ) इस निर्माता को सतत् प्रणाम इसलिए कहा गया है क्योंकि उसने हमें सुंदर प्राकृतिक सौंदर्य उपहार के रूप में दिया है।

(च) इसका शीर्षक अग्निगोलक उचित प्रतीत होता है।

(2) (क) हिरण्यकशिपु की बहन होलिका को आग में न जलने का वरदान प्राप्त था। इसलिए हिरण्यकशिपु ने अपने पुत्र प्रहलाद को मारने के लिए होलिका की मदद चाही। वह अपने भाई का आग्रह मान कर प्रहलाद को गोद में लेकर जलती आग में बैठ गई। किंतु होलिका भस्म हो गई और प्रह्लाद प्रभु-कृपा से बच गया। यही पौराणिक कथा प्रसिद्ध है होली के संबंध में।

(ख) हिरण्यकशिपु ब्रह्माजी का वरदान पाकर अहंकारी हो गया था। वह ईश्वर विरोधी था और नहीं चाहता था की उसका पुत्र प्रह्लाद ईश्वर-भक्ति करे। उसने उसे बहुत समझाया परंतु प्रह्लाद ने ईश्वर-भक्ति नहीं छोड़ी। उसकी ईश्वर में आस्था के कारण ही हिरण्यकशिपु उसे मारना चाहता था।

(ग) होलिका को आग में न जलने का वरदान प्राप्त था। इसलिए वह अपने भाई हिरण्यकशिपु का आग्रह मान कर प्रह्लाद को मारने के लिए जलती आग में बैठ गई। परंतु होलिका जल गई और प्र लाद ईश्वर-कृपा से बच गया।

(घ) होली

(3) (क) खेलने से स्वास्थ्य तो ठीक रहता ही है, साथ ही मनुष्य अनेक ऐसे गुणों को सीखता है, जिनका जीवन में विशेष महत्व है। सहयोग से काम करना, विजयी होने पर अभिमान न करना, हार जाने पर साहस न छोड़ना, नियम पालन करना आदि गुण अनायास ही सीख जाते हैं। अत: हम कह सकते हैं कि खेलने से समय नष्ट नहीं होता है।

(ख) स्वास्थ्य ठीक रखने के लिए व्यायम तो उत्तम है ही किंतु खेल कूद से अनेक गुण अनायास ही सीखने को मिलते हैं। अभिमान न करना, हार जाने पर साहस बनाये रखना और लक्ष्य पाने के लिए नियमपूर्वक चलना आदि गुण खेलकूद से अनायास ही सीखने को मिलते हैं।

(ग) अच्छा खिलाड़ी वह है जो हारने पर भी साहस नहीं छोड़ता और निरंतर प्रयासरत रहता है लक्ष्य पाने के लिए वह हार से सीखता है और जीत की ओर बढ़ता है।

(घ) खेल में असफल होने पर भी साहस न छोड़ें अपने धैर्य को पाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें। असफलता सफलता सीढ़ी है।

(ङ) खेलकूद का महत्व

पाठ 25 कहानी लेखन

(1) (क) एक गाँव में एक बूढ़ा किसान रहता था। उसके चार जवान हट्टे-कट्टे बेटे थे। चारों बेटे आलसी थे। उसकी मदद एक भी न करता था। आलसी बेटों के भविष्य की चिंता में किसान बीमार पड़ गया। एक दिन उसने अपने बेटों को बुलाकर कहा- प्यारे बच्चों! मेरा अंतिम समय आ गया है मैनें अपनी सारी कमाई खेत में गाड़ रखी है। मेरी मृत्यु के पश्चात् तुम खेत खोदकर उसे निकाल कर बाँट लेना। कुछ समय बाद किसान की मृत्यु हो गई। अंतिम संस्कार के बाद चारों बेटों ने खेत खोदना शुरू कर दिया। सारा खेत खोद डालने पर भी उन्हें कुछ नही मिला। थक कर चारों निराश हो खेत के किनारे बैठ गए। एक बुढ़िया उधर से निकली तो उन्हें उदास देख कारण पूछा। लड़कों ने अपने पिता की धन वाली झूठी बात बता दी। बुढ़िया ने सलाह दी कोई बात नहीं खेत तो तुमने

खोद ही रखा है अब इसमें बीज डाल दो बुढ़िया की बात मान उन्होंने खेत में बीज बो दिए और देख-रेख करने लगे। समय आने पर लहलहाती फसल देख चारों भाई खुशी से फूले नहीं समाते थे। अब उन्हें अपने पिता की बात मूल अर्थ समझ में आया कि यही खेत में गड़ा धन था। अब वे जान गए थे कि बिना परिश्रम सफलता नहीं।

(ख) एक स्त्री को संतान नहीं हुई तो उसने किसी और के बच्चे को चुराने की ठान ली। मौका देखकर उसने किसी दूसरी औरत के बच्चे को उठा लिया। बच्चे की असली माँ द्वारा रिपोर्ट लिखाने पर वह स्त्री पकड़ी गई उन्हें न्याय के लिए राजा के पास ले जाया गया। राजा के समक्ष दोनों ने बच्चे को अपना बताया। राजा ने कहा दोनों को बच्चे के टुकड़े कर आधा-आधा दे दिया जाए। यह सुनते ही असली माँ बिलख पड़ी और उसने कहा बच्चे के टुकड़े न करें उसे ही दे दे। यह सुनते ही राजा सत्य को जान गया। असली माँ को बच्चा सौंप दिया गया और दुसरी स्त्री का दंड दिया गया। इसलिए कहा जाता है सच्चाई की हमेशा जीत होती है।

(ग) एक बार बादशाह अकबर के दरबार में एक शिकायत आई चोरी की। चोर की तालाश कैसे की जाए उसका कोई अता-पता, कोई भी सुराग नहीं था। बादशाह ने बीरबल से बातचीत की और समस्या का हल खोजने के लिए कहा। बीरबल ने एक दिन की मोहलत माँगी। अगले दिन दरबार लगने पर बादशाह ने बीरबल से जवाब माँगा। बीरबल ने कहा हुजूर चोर अभी पकड़ा जाएगा। वह यहीं है और उसकी दाढ़ी में तिनका है। चोर घबरा गया और वह अपनी दाढ़ी में हाथ फेर कर तिनका खोजने लगा। तभी बीरबल ने सैनिक को उसे पकड़ के लाने को कहा। चोर ने गुनाह कबूल किया और बादशाह ने बीरबल को ईनाम दिया। इस पर अपनी सूझबूझ से बीरबल ने सलरता पूर्वक चोर को पकड़वा दिया ।

(2) एक लोमड़ी और सारस की दोस्ती हो गई। एक बार लोमड़ी ने सारस को अपने घर दावत का निमंत्रण दिया। सारस ने निमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित समय पर लोमड़ी के घर पहुँच गया। लोमड़ी ने दो चौड़ी थालियों में दूध परोसा। लोमड़ी तो जीभ से फटाफट दूध चट कर गई परंतु सारस अपनी लंबी चोंच के कारण दूध नहीं पी सका। उसे भूखा ही रखना ही पड़ा। सारस ने अपने अपमान का बदला लेने की ठानी। उसने भी लोमड़ी को अपने घर भोजन का निमंत्रण दिया। लोमड़ी निमंत्रण स्वीकार कर सही समय पर पहुँच गई। सारस ने खीर बनाई परंतु दो सुराहियो में खीर परोसा। सारस अपनी लंबी चोंच से खीर खाकर तृप्त हो गया परंतु लोमड़ी की पहुँच से खीर बाहर थी। उसे भूखा ही रहना पड़ा।

(3) एक गाँव में एक गड़रिया रहता था। एक रात वह चिल्लाने लगा बाघ आया, बाघ आया। गाँव वाले सुनकर उसकी मदद के लिए अपने-अपने घरों से भाग कर आए। जब देखा तो वहाँ कोई बाघ नहीं था। गड़रिया जोर-जोर से हँसने लगा। एक दो बार फिर गड़रिए ने इसी प्रकार झूठा शोर मचाया और गाँव वालों को बेवकूफ बनाया। एकदिन मैं अचानक सचमुच का बाघ आ गया। गड़रिया बहुत चिल्लाया परंतु कोई उसे बचाने नही आया और बाघ उसे मारकर खा गया। झूठ विश्वास खो देता है। शिक्षा- हमें कभी झूठ नहीं बोलना चाहिए।

पाठ 26 निबंध लेखन

(1) **(क) गणतंत्र दिवस**

गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है। यह पर्व प्रति वर्ष 26 जनवरी को मनाया जाता है। 1950 को स्वतंत्र भारत का संविधान लागू हुआ था। तब से इसे भारत के सभी धर्मों और जातियों के लोग उत्साह पूर्वक मनाते हैं। गणतंत्र दिवस के एक दिन पहले शाम को राष्ट्रपति देश के नाम संदेश देते हैं। इस दिन का समारोह देश के सभी भागों में धूमधाम से मनाया जाता है। दिल्ली में इस समारोह की शोभा निराली होती है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन से लाल किले तक एक विशेष परेड का आयोजन किया जाता है। इस परेड का मुख्य आकर्षण इंडिया गेट पर होता है। लाखों लोग इस उत्सव को देखने के लिए एकत्र होते हैं। इस अवसर पर देश-विदेश के गणमान्य व्यक्तियों को आंमत्रित किया जाता है। सबसे पहले राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाता है तथा राष्ट्रगान होता हैं। फिर सेना के तीनों अंग तथा पुलिस दल राष्ट्रपति को सलामी देते हुए निकलते हैं। इस अवसर पर अस्त्र-शस्त्र, तोप, मिसाइलों आदि का प्रदर्शन भी किया जाता है

इसके बाद विभिन्न वायु सेना के विमान तिरंगे झंडे़ के तीन रंग छोड़ते हुए उड़ान भरते हैं। रात्रि के समय सरकारी भवनों व राष्ट्रपति भवन पर रोशनी की जाती हैं। लाल किले में कवि सम्मेलन किया जाता हैं। आज भारत स्वतंत्र हैं। हमारा अपना शासन है और अपनी सरकार है। हमें उन वीर सपूतों को नहीं भूलना चाहिए, जिन्होंने अपना बलिदान देकर हमें आजादी दिलाई।

(ख) वसंत ऋतु

भारत में छः ऋतुएँ आती हैं।- ग्रीष्म, वर्षा, शरद, शिशिर, हेंमत और वसंत। इन सब ऋतुओं का अपना अपना महत्व है। इसलिए इस ऋत को ऋतुराज कहते हैं। सरदी समाप्त होते ही 15 फरवरी से इस ऋतु का आगमन होने लगता है। यह ऋतु 15 अप्रैल तक चलती है। चारों ओर फूल ही फूल दिखाई देते हैं। यह ऋतु जिंदगी में उमंगे और तरंगे भरती हैं। वसंत ऋतु जहाँ एक सुहावनी ऋतु है, वहाँ उत्सवों के लिए भी प्रसिद्ध है। इस ऋतु में सरस्वती पूजन होता हैं। इसमें होली और वसंत पंचमी के पर्व मनाए जाते हैं। होली रंगो का त्यौहार है। यह प्रेम और भाईचारे को बढ़ाने वाला है। वसंत पंचमी के दिन लोग पीले रंग के वस्त्र पहनते हैं। घर घर पीले चावल, वसंती हलवा, और केसरिया खीर बनाईं जाती है। वसंत ऋतु किसानों के लिए एक उपहार है। इसमें फसलें लहलहा उठती हैं। खेतों की शोभा निराली होती हैं। इस ऋतु में मोर नाचता हैं, कोयल पंचम स्वर में गाती हैं। और तितलियाँ मँडराती है। नवजीवन का संचार होता है। शरीर बलशाली बनता हैं। वसंत ऋतु धरती वालों के लिए ईश्वरीय वरदान है। यह सब ऋतुओं में श्रेष्ठ हैं। यह हमें उत्साह, स्फूर्ति और ताज़गी देती है। यह स्वर्गीय आनंद देने वाली ऋतु है।

(ग) पुस्तकालय

पुस्तकालय शब्द दो शब्दों के योग से बना है। पुस्तक+आलय अर्थात पुस्तकों का घर। क्रमबद्ध पुस्तकों के रखने के स्थान को पुस्तकालय कहते हैं। इसका उपयोग पुस्तकाल के सदस्यों द्वारा किया जा सकता है। पुस्तकालय ज्ञान का भंडार है। पुस्तकालय व्यक्तिगत या सार्वजनिक हो सकते हैं। पुस्तकालय में अनेक दुर्लभ तथा बहुमूल्य पुस्तकें भी होती है। जिन्हें खरीदना प्रत्येक व्यक्ति के लिए संभव नहीं है। पुस्तकालय की बहुत उपयोगिता है। यह शिक्षा के प्रचार प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए सरकार को प्रत्येक गाँव व शहर में पुस्तकालय खोलने चाहिए। पुस्तकालय में अनेक प्रकार की पत्रिकाएँ भी उपलब्ध होती है। इनसे अवकाश का सदुपयोग हो जाता है। पुस्तकालय में बैठकर वहाँ शांत रह कर पुस्तकों को समय पर लौटाना, उन पर कुछ न लिखना, उनके पृष्ठ न फाड़ना आदि बातों का ध्यान रखना चाहिए। भारत जैसे गरीब देश में पुस्तकालय का विशेष महत्व है। पुस्तकालयों को बढ़ावा देने के लिए निजी संस्थाओं को आगे आना चाहिए। अज्ञान से ज्ञान की ओर जाने के लिए हमें पुस्तकालय में अध्ययन की आदत डालनी चाहिए।

(घ) पुस्तक मेला

हमारे देश में समय समय पर अनेक प्रकार के मेलों का आयोजन किया जाता है। देश में विभिन्न स्थानों पर ऐसे मेले का आयोजित होने लगे हैं। इनमें से कुछ सामाजिक कारणों से और कुछ धार्मिक कारणों के लिए आयोजित किए जाते हैं। भारत की राजधानी दिल्ली में वर्ष में एक बार प्रगति मैदान में पुस्तक मेले का आयोजन किया जाता है। इसमें देश के ही नहीं, विदेशों के प्रकाशक भी अपनी प्रकाशित पुस्तकों का प्रदर्शन करते हैं। इस साल के पुस्तक मेले में अनेक स्टॉल लगाए गए। भारत के मुख्य प्रकशकों के अतिरिक्त इसमें चीन, पाकिस्तान, जापान, नेपाल, इंग्लैंड, रूस और श्रीलंका के प्रकाशकों ने इसमें भाग लिया। पुस्तक मेले में दर्शकों की भारी भीड़ थी। लोग अपनी अपनी पसंद की पुस्तकें ढूँढ़ रहे थे और खरीदारी भी कर रहे थे। पुस्तक मेले मे पुस्तकें आसानी से मिल जाती है। साथ ही इस अवसर पर विभिन्न प्रकाशक पुस्तकों पर भारी छुट भी देते है। पुस्तक मेले में बच्चों से लेकर उच्च शिक्षा से संबंधित पुस्तकों का प्रदर्शन किया जाता है। इस प्रकार के मेलें बहुत उपयोगी हैं। इसलिए ये वर्ष में कई बार लगने चाहिए।

(ङ) बचपन के बीच

मनुष्य के जीवन में तीन मुख्य पढ़ान आते हैं- बचपन यौवन और बुढ़ापा। मनुष्य के जीवन के इन तीनों पड़ावों की अपनी विशेषता होती है। वह अपने प्रत्येक पड़ाव में कुछ खास अनुभव पाता है। इन तीनों पड़ावों में पहला पड़ाव बचपन का होता है जिससे वह संसार में आकर जीने की रीत को सीखना प्रारंभ करता है। बचपन के दिन उसके लिए इतने खास होते हैं कि वह अपने बपचन के दिनों को उम्र भर रहीं भूल पाता। जीवन के प्रत्येक काल में उसे बचपन के दिन याद आते रहते हैं। बचपन सब प्रकार की चिंताओं एवं जिम्मेदारियाँ से मुक्त होता है। उनमें बस दो ही काम भाते हैं, जी भरकर खाना-पीना और उछल-कूदकर खेलना। माता-पिता के मन को अपनी मोहक गतिविधियों से प्रसन्नता करना तथा उनका स्नेह पाना। उनसे अपनी माँगें मननाना आदि।

बचपन के दिनों में एक महत्वपूर्ण बात यह होती है कि इन दिनों में बालक जीवन भर काम आने वाले अच्छे संस्कार भी सीखता है। ये संस्कार जितने अच्छे से सीखे जाते हैं, बड़ा होने पर जीवन उतना ही सुखी तथा संपन्न होता है। अत: बचपन के दिनों का मनुष्य जीवन में विशेष स्थान एवं विशेष महत्व होता है।

(2) (क) मुंशी प्रेमचंद ने उर्दू साहित्य से हिंदी साहित्य में प्रवेश किया। उन्हें उपन्यास सम्राट के नाम से जाना जाता है। मुंशी प्रेमचंद्र का जन्म 31 जुलाई सन् 1880 को बनारस से चार मील दूर लमही गॉव में हुआ था। उनके पिता का नाम अजायब राय था। वें डाकखाने में मामूली नौकर थे। मुंशी प्रेमचंद का असली नाम धनपत था। आठ साल की उम्र में ही उन्होनें माता को खो दिया। पिता जी ने दुसरा विवाह कर लिया। जिससे बालक धनपत प्रेम व स्नेह से वंचित रह गया। घोर गरीबी झेलते हुए धनपत बड़े हुए। गरीबी, आभाव और प्रतिकूल परिस्थितियाँ भी उनके साहित्य की ओर झुकाव को न रोक सकी। तेरह वर्ष की उम्र में ही उन्होंने लिखना प्रारंभ कर दिया। चौदह वर्ष की आयु में "होनेहार बिखान के चिकने-चिकने पात" नाटक लिख डाला। उन्होंने स्वयं एक बाल-विधवा से विवाह किया था। उन्होंने समाज को अपनी रचनाओं द्वारा दर्पण दिखाने का प्रयत्न किया था। उनकी कहानियाँ समाज की बुराइयों पर तीखा प्रहार थी। मुंशी प्रेमचंद हिंदी साहित्य के एक मील के पत्थर हैं।

(ख) विवाह के समय कन्या पक्ष की ओर से वर-पक्ष को दिया गया धन या उपहार दहेज कहलाता है। भारत में वैदिक काल में यह प्रथा प्रचलित थी। इसका उद्देश्य केवल यह था कि जब तक लड़की नए घर के वातावरण से परिचित न हो तब तक वह उन वस्तुओं का उपयोग कर सके। आज यह हमारे समाज और संस्कृति के लिए कलंक है। घर में पुत्री का जन्म गरीब माता पिता के लिए समस्या लेकर आती है। कन्या के अच्छे वर के लिए धन की आवश्यकता प्रधान हो गई है। धन के आभाव में लड़की अविवाहित रह जाती है या अयोग्य हाथों में लड़की को सौंप दिया जाता है। दहेज न दे पाने अथवा कम दे पाने की स्थिति में कन्या को अपमानित होना पड़ता है और कन्या का जीवन भी कठिन हो जाता है। आए दिन समाचार पत्र में प्रकाशित नवविवाहिताओं द्वारा आत्महत्या जैसी दुर्घटनाओं के पीछे प्राय: दहेज की माँग ही कारण होता है। दहेज-प्रथा ने सामाजिक बुराई का रूप धारण कर लिया है। कई लोग इस कुप्रथा के कारण कन्या भ्रूण हत्या तक करवा देते है। समय समय पर इस विषय में कानून बनते हैं लेकिन परिणाम फिर भी शून्य ही देखे जा रहे हैं। इसके लिए जनजागरण और आंदोलन की आवश्कता है। दहेज प्रथा को रोकने के लिए दहेज निषेध अधिनियम पारित किया गया। फिर भी दहेज का लेन देन रूक नहीं सका। अधिनियम के अनुसार दहेज लेने या देने वाला व्यक्ति दंड का अधिकारी है। अब आवश्यकता यह है कि इस कानून को सख्ती से लागू किया जाए।

पाठ 27 पत्र लेखन

(1) बी- 40, गोल मार्किट
नई दिल्ली
प्रिय अमित
सप्रेम नमस्ते।

तुम्हें यह जानकर प्रसन्नता होगी कि 25 अगस्त को मैं अपनी छोटी बहन शिल्पा का जन्मदिन मना रहा हूँ। इस अवसर पर मैंने अपने सभी मित्रों को बुलाया है। सुबह 9 बजे हवन होगा। शाम को प्रीतिभोज तथा भजन-संध्या का आयोजन किया गया है। हम सब मित्र दोपहर को मनोरंजन कार्यक्रम करेंगे। इस शुभ अवसर पर मैं तुम्हें अपने माता-पिता के साथ आने का हार्दिक निमंत्रण भेज रहा हूँ। आशा है तुम इसे स्वीकार करोगे और आने का भरपूर प्रयास करोगे। शेष मिलने पर तुम्हारे आगमन की प्रतीक्षा में।

तुम्हारा मित्र

अनुभव

(2) जनसता,

बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002

दिनांक: 26-06-2016

संपादक महोदय,

महोदय,

आपके समाचार पत्र के माध्यम से वर्तमान बिजली संकट से उत्पन्न समस्याओं के बारे में अपने विचार संबंधित अधिकारियों तक पहुँचाना चाहता हूँ। आजकल कई-कई घंटो तक बिजली गुल रहती है। बिजली के न आने पर नलों में पानी भी नहीं आता है घरो में अनेक उपकरण काम नहीं करते। व्यापारिक प्रतिष्ठानों में कार्य ठीक ढंग से नही हो पाता। विद्यार्थी ठीक प्रकार से अध्ययन नहीं कर सकते बिजली की समस्या अनेक अन्य समस्याओं को जन्म देती है। मै चाहता हूँ कि आप इस पत्र को छापे ताकि संबंधित अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित हो। बिजली की आपूर्ति नियमित हो तथा जानता की कठिनाई दूर हो।

हरिमोहन (सचिव)

सधन्यवाद।

भवदीय

से-35, हरिनगर,

(3) सेवा में,

मुख्य डाकपाल

जी0 पी0 ओ0 गोल मार्किट

नई दिल्ली

दिनांक 26.06.2016

विषय- मोहल्ले में समय पर डाक न बाँटने की शिकायत।

महोदय,

मैं इस पत्र के माध्यम से आपका ध्यान अपने क्षेत्र की अव्यवस्थित डाक-प्रणाली की ओर दिलाना चाहता हुँ। यहाँ का डाकिया राम प्रसाद अत्यधिक लापरवाह है। वह कई दिनों की डाक एकत्रित हो जाने पर गली में खेलते बच्चों को दे जाता है। इमारतों में नीचे की सीढ़ियों पर छोड़ जाता है। इससे पत्र फट जाते हैं या उड़ जाते हैं। हमारी चिट्ठी किसी और के घर में डाल जाता है। तथा किसी और की चिट्ठी हमारे घर में। पत्र मिलने में देर होने से कभी किसी का साक्षात्कार छूट जाता है। तो कभी लिखित परीक्षा।

अत: आपसे अनुरोध है कि आप इस ओर ध्यान दें और समुचित डाक वितरण का प्रबंध करवाएँ। इस कृपा के लिए हम आपके आभारी रहेगें। धन्यवाद सहित।

भवदीय

राजन गुप्ता,

10-सी, गोल मार्किट, नई दिल्ली

प्रश्न पत्र 1

(1) (क) हिंदी (ख) रोमन (ग) व्याकरण (घ) गुरुमुखी

(2) उच्चारण महौषधि मनोकूल

(3) रचना या बनावट के आधार पर शब्द दो प्रकार के होते हैं– मूल या रूढ़ शब्द तथा व्युत्पन्न शब्द।

(4) अपमान, अपराध, अपशब्द उपकार, उपनाम, उपचार
परिपूर्ण, परिचय, परिजन

(5)

डाकगाड़ी	डाक के लिए गाड़ी	तत्पुरुष
धनहीन	धन से हीन	तत्पुरुष
पीतांबर	पीत है जो अंबर	कर्मधारय
सतसई	सात रूइयों का समूह	दविगु
लंबोदर	लंबा है उदर जिसका (गणेश)	बहुव्रीहि
राधा–कृष्ण	राधा और कृष्ण	द्वद्व
दशानन	दस हैं आसन जिसके (रावण)	बहुव्रीहि

(6) (क) जातिवाचक (ख) व्यक्तिवाचक (ग) भाववाचक (घ) व्यक्तिवाचक
(ङ) भाववाचक

(7) रानी गाय सेवक डिबिया श्रीमति

(8) वस्तुएँ चुहें वधुएँ तितिलियाँ चप्पलें

(9) वह आया था, लेकिन चला गया। मैंने आपको नहीं बल्कि उनको बुलाया था।
गणित तथा अंग्रेजी में प्रिय विषय हैं। वह स्कूल नहीं गई क्योंकि बीमार है।

(10)

	उद्देश्य	**विधेय**
(क)	वह	हॉकी खेलता है।
(ख)	अंकित	पतंग उड़ाता है।
(ग)	राम	खाना खा रहा है।
(घ)	राकेश के मामा जी	आए हैं।
(ङ)	वह	घर जा रहा है।
(च)	हिमालय	भारत के उत्तर पे स्थित है।

प्रश्न पत्र 2

(1)

बाग	बगीचा	उद्यान
रवि	भानु	सूर्य
धन	मेघ	जलधर
गगन	आसमान	अंबर

(2) (क) कृतज्ञ (ख) किसान (ग) साप्ताहिक (घ) सायं (ङ) जिज्ञासु

(3) सही अनाज
ऊपर दिया गया दूसरा

एक अस्त्र	तरफ
एक जानवर	दूसरा
समय	नक्षत्र
एक भाषा	घर

(4) (क) राम का भाई आया है। (ख) क्या आप चाय पिएँगे?

(ग) वाह! तुमने तो कमाल कर दिया। (घ) आप क्या चाहते हैं?

(ङ) रमा, श्यामा और चाचा जी आए हैं।

(5) साफ मना करना
बहुत प्यारा
वंश न चलना
क्रोध जताना

(6) अनीश्वर अनादर निरोग ठंडा रंक निराधार निर्यात नकद

(7) **समय का सदुपयोग**

इस संसार में समय ही वह वस्तु है जिसका कोई मूल्य नहीं अर्थात् समय अनमोल है। समय का सदुपयोग मनुष्य को निर्धन से धनी बना सकता है जबकि समय का दुरुपयोग मनुष्य को बर्बाद कर देती है। जो मनुष्य समय का मोल नहीं समझता और समय को बेकार में गँवा देता है वह अंत में पछताता है तथा सारा जीवन कष्ट उठाता है। विद्यार्थियों के लिए तो समय का और अधिक महत्व हैं। वे समय का सदुपयोग करके परीक्षा में सफल होकर जीवन में उन्नति का मार्ग परशस्त कर सकते हैं। अतः समय का हमेशा सदुपयोग कीजिए, इसे काफी बर्बाद मत कीजिए।

(8) 173-बी, मॉडल टॉउन
सोनीपत (हरियाणा)
प्रिय मित्र, नरेश
नमस्कार।

मैं यहाँ पर सकुशल हूँ तथा ईश्वर से आपकी तथा आपके परिवार की कुशलता की प्रार्थना करता हूँ। मित्र इस ग्रीष्मावकाश में मैंने अपने बड़े भाई के साथ शिमला भ्रमण का कार्यक्रम बनाया है। मेरी इच्छा है कि तुम भी हमारे साथ चलो तो बड़ा मजा आएगा। अतः तुम अपने माता-पिता से अनुमति लेकर मेरे घर पर आ जाओ और कुछ दिन हमारे साथ रहो। इस बीच हम शिमला भी घूम आएँगें। तुम अवश्य आ जाओ। चाचा-चाची को चरण-स्पर्श और राहुल को प्यार।

तुम्हारा मित्र
अनुराग